उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 16.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 16.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 16.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 16.06.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 16.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र।

आज दिनांक 16 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 में चयनित जनपद महोबा के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं एवं उनसे कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा एक जिम्मेदारीपूर्ण एवं सम्मानजनक कार्य है, जिसके माध्यम से समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में विश्वास स्थापित करने की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है।

नियुक्ति पत्र प्राप्त करते समय अभ्यर्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और गौरव की भावना स्पष्ट झलक रही थी। यह अवसर नवचयनित अभ्यर्थियों के लिए उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध हुआ।







